**संत ज़ेवियर सीनियर सेकंडरी विद्यालय, दिल्ली- 54**

**कक्षा**-10 **प्री बोर्ड परीक्षा** **समय**-3 **घंटे**

**दिनांक**-9.1.2024 **हिंदी** **पूर्णांक** : 80

**सामान्य निर्देशः**
1. **इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और 'ब'। खंड-(अ) में वस्तुपरक बहुविकल्पी और खंड-(ब) में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।**
2. **इस प्रश्नपत्र में प्रश्नों की संख्या** 17 **है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
3. **यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।**
4. **खंड 'अ' में कुल** 10 **प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या** 44 **हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए** 40 **उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं।**
5. **खंड 'ब' में कुल** 7 **प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

## खंड 'अ'

**प्र** 1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए।** (1x5=5)

**लोकतंत्र के मूलभूत तत्व को समझा नहीं गया है और इसलिए लोग समझते हैं कि सब कुछ सरकार कर देगी, हमारी कोई ज़िम्मेदारी नहीं है। लोगों में अपनी पहल से ज़िम्मेदारी उठाने और निभाने का संस्कार विकसित नहीं हो पाया है। फलस्वरूप देश की विशाल मानव-शक्ति अभी सोई पड़ी है और देश की पूँजी उपयोगी बनाने के बदले आज बोझरूप बन बैठी है लेकिन उसे नींद से झकझोर कर जागृत करना है। किसी भी देश को महान बनाते हैं, उसमें रहने वाले लोग। अभी हमारे देश के नागरिक अपनी ज़िम्मेदारी से बचते रहे हैं। चाहे सड़क पर चलने की बात हो अथवा साफ़-सफ़ाई की बातें हों, जहाँ-तहाँ हम लोगों को गंदगी फैलाते और बेतरतीब ढंग से वाहन चलाते देख सकते हैं। फिर चाहते हैं कि सब कुछ सरकार ठीक कर दे। सरकार ने बहुत सारे कार्य किए हैं, इसे अस्वीकार नहीं किया जा सकता है। वैज्ञानिक प्रयोगशालाएँ खोली हैं, विशाल बाँध बनवाए हैं, फौलाद के कारखाने खोले हैं आदि-आदि बहुत सारे काम सरकार के द्वारा हुए हैं पर अभी करोड़ों लोगों को कार्य में प्रेरित नहीं किया जा सका है। वास्तव में होना तो यह चाहिए कि लोग अपनी सूझ-बूझ के साथ अपनी आंतरिक शक्ति के बल पर खड़े हों और अपने पास जो कुछ साधन सामग्री हो, उसे लेकर कुछ करना शुरू कर दें और फिर सरकार उसमें आवश्यक मदद करें। उदाहरण के लिए, गाँव वाले बड़ी-बड़ी पंचवर्षीय योजनाएँ नहीं समझ सकेंगे, पर वे लोग यह बात ज़रूर समझ सकेंगे कि अपने गाँव में कहाँ कुआँ चाहिए, कहाँ सिंचाई की ज़रूरत है, कहाँ पुल की आवश्यकता है। बाहर के लोग इन सब बातों से अनभिज्ञ होते हैं इसलिए योजनाएँ बनाते समय गाँव के लोगों को भी शामिल करना चाहिए।**

(i) **लोकतंत्र का मूलभूत तत्व है-**
(क) कर्तव्य-पालन (ख) नेताओं का राज्य (ग) चुनाव (घ) सरकार का कर्तव्य

(ii) **किसी देश की महानता निर्भर करती है-**
(क) वहाँ की सरकार पर (ख) वहाँ के इतिहास पर
(ग) वहाँ के निवासियों पर (घ) वहाँ की पूँजी पर

(iii) **सरकार के कामों के बारे में कौन-सा कथन सही नहीं है?**
(क) वैज्ञानिक प्रयोगशालाएँ बनवाई हैं। (ख) वाहन चालकों को सुधारा है।
(ग) विशाल बाँध बनवाए हैं। (घ) फौलाद के कारखाने खोले हैं।

(iv) **सरकारी व्यवस्था में किस कमी की ओर लेखक ने संकेत किया है?**
(क) गाँव से जुड़ी समस्याओं के निदान में ग्रामीणों की भूमिका को नकारना ।
(ख) योजनाएँ ठीक से न बनाना (ग) आधुनिक जानकारी का अभाव
(घ) जमीन से जुड़ी समस्याओं की ओर ध्यान न देना

(v) **'झकझोरकर जागृत करना' का भाव गद्यांश के अनुसार होगा-**
(क) नींद से जगाना (ख) सोने ना देना
(ग) ज़िम्मेदारी न निभाना (घ) ज़िम्मेदारी के प्रति सचेत करना

Contd…..2.

प्र 2. **निम्नलिखित दो पद्यांशों में से किसी <u>एक</u> पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-** (1x5=5)

**भले ही अँधेरा घिरे हर दिशा से,**
**मगर हम नया भोर लाकर रहेंगे।**
**घृणा-स्वार्थ के इस कठिन संक्रमण में,**
**सुनो हम नया दौर लाकर रहेंगे।**
**विज्ञान का नाम लेकर,**
**मनुज को मनुज आज ठगने लगे हैं।**
**नई आर्थिक दौड़ की रोशनी में,**
**हमें मूल्य सब झूठ लगने लगे हैं।**
**मगर बात इतनी सुनो विश्व वालों,**
**इसी रोशनी में कभी हम बहेंगे।**
**सही या गलत रह गया क्या कहीं कुछ,**
**ज़रा भी उचित और अनुचित नहीं कुछ**
**सुनो इस कदर स्वार्थ टकरा रहे हैं,**
**पतन की नहीं और सीमा रही कुछ।**
**मगर हम उठेंगे प्रलय मेघ बनकर,**
**कठिन दुर्ग पाखंड के सब ढहेंगे।**
**बताना हमें सत्य सारे जगत को,**
**जगाना हमें सुप्त इंसानियत को**
**करेगा ज़माना सदा गर्व हम पर,**
**हमें खोजना एकता के अमृत को।**
**भले ही किसी राह जाए ज़माना,**
**मगर हम सही राह थामे रहेंगे।**

(i) **कवि को विश्वास है कि**
(क) **वह अंधकार को उजाले में बदलेगा।** (ख) **वह पुराने को नए में बदलेगा।**
(ग) **वह रात को शाम में बदलेगा।** (घ) **वह दुख को सुख में बदलेगा।**

(ii) **जीवन-मूल्यों के कमज़ोर पड़ने का कारण है**
(क) **अंधी दौड़** (ख) **वैज्ञानिक दौड़** (ग) **विदेश की दौड़** (घ) **आर्थिक दौड़**

(iii) **भारत की किस विशेषता पर पूरा विश्व गर्व करेगा?**
(क) **अहिंसक प्रवृत्ति**(ख) **वैज्ञानिक प्रगति** (ग) **ऐतिहासिक ज्ञान** (घ) **एकता की भावना**

(iv) **'किसी का अंधानुकरण न करके अपने लिए सही मार्ग का चयन करेंगे' यह भाव कविता की किन पंक्तियों में आया है?**
(क) **भले ही अँधेरा घिरे हर दिशा से,**
**मगर हम नया भोर लाकर रहेंगे ।**
(ख) **घृणा-स्वार्थ के इस कठिन संक्रमण में,**
**सुनो हम नया दौर लाकर रहेंगे।**
(ग) **भले ही किसी राह जाए ज़माना,**
**मगर हम सही राह थामे रहेंगे।**
(घ) **मगर बात इतनी सुनो विश्व** वालों,
**इसी रोशनी में कभी हम बहेंगे।**

(v) **'कठिन दुर्ग पाखंड के सब ढहेंगे'-काव्य पंक्ति का आशय है** :
(क) **समाज से भेदभाव का नाश नहीं होगा।** (ख) **समाज में आडंबर बढ़ेंगे।**
(ग) **लोगों में स्वार्थ भावना का अंत होगा।** (घ) **अंधविश्वास रूपी किलों का पतन होगा।**

**<u>अथवा</u>**

**वीर जवानों, सुनो, तुम्हारे सम्मुख एक सवाल है।**
**जिस धरती को तुमने सींचा,**
**अपने खून-पसीने से**
**हार गई दुश्मन की गोली,**
**वज्र सरीखे सीनों से।**
**जब-जब उठीं तुम्हारी बाँहें, होता वश में काल है।**
**जिस धरती के लिए सदा,**
**तुमने सब कुछ कुर्बान किया।**
**शूली पर चढ़-चढ़ हँस-हँसकर,**
**कालकूट का पान किया।**
**जब-जब तुमने कदम बढ़ाया, हुई दिशाएँ लाल हैं।**
**उस धरती को टुकड़े-टुकड़े,**
**करना चाह रहे दुश्मन ।**
**बड़े गौर से अजब तुम्हारी, चुप्पी थाह रहे दुश्मन।**
**जाति-पाँति, वर्गों-फिरकों के, वह फैलाता जाल है।**
**कुछ देशों की लोलुप नज़रें,**
**लगीं तुम्हारी ओर हैं।**
**कुछ अपने ही जयचंदों के,**
**मन में बैठा चोर है।**
**सावधान कर दो उसको जो पहने कपटी खाल है।**

**Contd.3.**

(i) **"जब-जब उठीं तुम्हारी बाँहें, होता वश में काल है।" आशय स्पष्ट कीजिए-**

**(क) जब भी तुम जय-जयकार करते हो, सब कुछ तुम्हारे बस में हो जाता है।**

**(ख) जब भी तुम संघर्ष करने को तैयार होते हो, मौत भी घबरा जाती है।**

**(ग) जब तुम समर्पण कर देते हो तो मृत्यु भी वरदान देती है।**

**(घ) जब तुम समर्थन करते हो तो मौत भी गुलाम हो जाती है।।**

(ii) **देश के शत्रु चाहते हैं?**

**(क) हिंसा फैलाना (ख) सरकार पर कब्ज़ा करना (ग) देश को तोड़ना (घ) भेदभाव फैलाना**

(iii) **'जयचंद' का आशय है-**

**(क) मूर्ख ख) गुलाम (ग) विदेशी शत्रु (घ) गद्दार**

(iv) **"अपने ही जयचंद" किसे कहा गया है-**

**(क) ऐसे लोग जो देश में रहते हुए भी विदेशी इशारों पर देशद्रोह कर रहे हैं।**

**(ख) ऐसे लोग जो देश को तोड़ रहे हैं।**

**(ग) ऐसे लोग जो अपने स्वार्थवश शत्रुओं को भारत में बुला रहे हैं।**

**(घ) ऐसे लोग जो विदेश में रहकर भारत के विरुद्ध षड्यंत्र कर रहे हैं।**

(v) **कथन** (A) **और कारण** (R) **पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनिएः**

**कथन** (A): **काल भी वश में हो सकता है।**

**कारण** (R): **वीर जवानों ने कालकूट का पान किया।**

**(क) कथन** (A) **सही है, किंतु कारण** (R) **गलत है।**

**(ख) कथन** (A) **गलत है, किंतु कारण** (R) **सही है।**

**(ग) कथन** (A) **व कारण** (R) **सही है और कथन** (A), **कारण** (R) **की सही व्याख्या है।**

**(घ) कथन** (A) **व कारण** (R) **सही हैं और कथन** (A), **कारण** (R) **की सही व्याख्या नहीं है।**

**प्र** 3. **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (1x4=4)

(i) **संयुक्त वाक्य का उदाहरण है-**

**(क) मैं तो चौपड़ पर तुम्हारा भाषण सुनते ही सीधा भंडारी जी को बधाई देने चला आया।**

**(ख) वे आग लगाकर चले गए और पिताजी सारे दिन भभकते रहे।**

**(ग) हमारे-आपके घरों की लड़कियों को शोभा देता है यह सब?**

**(घ) अजमेर के सबसे प्रतिष्ठित और सम्मानित डॉ॰ अंबालाल जी बैठे थे।**

(ii) **"वही पुराना बालाजी का मंदिर जहाँ बिस्मिल्ला खाँ को नौबतखाने रियाज़ के लिए जाना पड़ता है।" सरल वाक्य में लिखिए-**

**(क) बिस्मिल्ला खाँ को नौबतखाने रियाज़ के लिए जाना पड़ता था और वही पुराना बालाजी का मंदिर है।**

**(ख) वही पुराना बालाजी का मंदिर है क्योंकि बिस्मिल्ला खाँ को नौबतखाने रियाज़ लिए जाना पड़ता है।**

**(ग) बिस्मिल्ला खाँ को नौबतखाने रियाज़ के लिए पुराने बाला जी के मंदिर में जाना पड़ता है।**

**(घ) बिस्मिल्ला खाँ को नौबतखाने रियाज़ के लिए वहाँ जाना पड़ता है जहाँ पुराना बालाजी का मंदिर हैं।**

(iii) **हमारे हुड़दंग मचाने के कारण कॉलेज वालों को थर्ड इयर भी खोलना पड़ा। - मिश्र वाक्य में बदलिए-**

**(क) हमने हुड़दंग मचाया और कॉलेज वालों को थर्ड इयर खोलना पड़ा।**

**(ख) हमने इतना हुड़दंग मचाया और कॉलेज वालों ने थर्ड इयर खोल दिया।**

**(ग) जब हमने हुड़दंग मचाया तब कॉलेज वालों को थर्ड इयर भी खोलना पड़ा।**

**(घ) हमारे हुड़दंग मचाने से कॉलेज वालों ने थर्ड इयर खोल दिया।**

Contd…..4.

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे सही विकल्प चुनिए-

1. मेरे स्टेशन पर पहुँचने से पहले ही गाड़ी आ चुकी थी।

2. मेरे पास 'गोदान' है, जिसे मुंशी प्रेमचंद ने लिखा है।

3. वह पढ़ता ही नहीं बल्कि लिखता भी है।

4. क्योंकि नेहा परिश्रमी है, इसलिए वह कक्षा में प्रथम आती है।

(क) 1 सही हैं। (ख) 2 व 4 सही हैं

(ग) 2 व 3 सही हैं। (घ) 1, 2, 3 और 4 सही हैं।

(v) सूची 1 को सूची 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-

| सूची 1 | सूची 2 |
|---|---|
| 1. सूर्य उदय हुआ और अँधेरा भाग गया। | (i) सरल वाक्य |
| 2. जैसे ही गार्ड ने हरी झंडी दिखाई, वैसे ही ट्रेन चल पड़ी। | (ii) संयुक्त वाक्य |
| 3. अस्वस्थ रहने के कारण वह परीक्षा में सफल न हो सका। | (iii) मिश्र वाक्य |

विकल्प

(क) 1-(iii), 2-(i), 3-(ii) (ख) 1-(ii), 2-(iii), 3-(i)

(ग) 1-(ii), 2(i), 3-(iii) (घ) 1-(i), 2-(ii), 3-(iii)

प्र 4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1×4=4)

(i) सूची 1 को सूची 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-

| सूची 1 | सूची 2 |
|---|---|
| 1. मुझसे हँसा नहीं जाता। | (i) कर्तृवाच्य |
| 2. अध्यापिका ने बच्चों को पाठ पढ़ाया। | (ii) कर्मवाच्य |
| 3. माँ के द्वारा खाना बनाया गया। | (iii) भाववाच्य |

(क) 1-(i), 2-(ii), 3-(iii) (ख) 1-(ii), 2-(i), 3-(iii)

(ग) 1-(iii), 2-(i), 3-(ii) (घ) 1-(iii), 2-(ii), 3-(i)

(ii) बिस्मिल्ला खाँ गीताबाली और सुलोचना को ज़्यादा याद करते हैं। (कर्मवाच्य में बदलिए)

(क) बिस्मिल्ला खाँ ने गीताबाली और सुलोचना को ज़्यादा याद किया था।

(ख) बिस्मिल्ला खाँ गीताबाली और सुलोचना को ज़्यादा याद करेंगे।

(ग) बिस्मिल्ला खाँ के द्वारा गीताबाली और सुलोचना को ज़्यादा याद किया जाता है।

(घ) बिस्मिल्ला खाँ गीताबाली और सुलोचना को ज़्यादा याद करते थे।

(iii) निम्नलिखित वाक्यों में कर्तृवाच्य का उदाहरण है-

1. मुझसे सोया भी नहीं जाता। 2. प्रधानाचार्य आज भाषण देंगे।

3. पुलिस के द्वारा चोर को पकड़ा गया। 4. छात्र ने कविता सुनाई।

(क) 1 और 3 सही हैं। (ख) 2 और 4 सही हैं।

(ग) 2 और 1 सही हैं। (घ) 3 और 4 सही हैं।

(iv) "कस्बे के इकलौते हाई स्कूल के इकलौते ड्रॉइंग मास्टर को यह काम सौंप दिया गया होगा।" वाक्य में वाच्य है-

(क) कर्मवाच्य (ख) भाव वाच्य (ग) कर्तृवाच्य (घ) कर्तृ और कर्मवाच्य दोनों

(v) 'बच्चों से रोया भी नहीं जा सकता।' उदाहरण है-

(क) कर्तृवाच्य का (ख) भाववाच्य का (ग) कर्मवाच्य का (घ) करण वाच्य का

Contd…..5.

प्र 5. **निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर शब्दों में लिखिए-** (1×4=4)

(i) '**<u>हिमालय</u> भारत के उत्तर में स्थित है।' रेखांकित पद का पद परिचय होगा-**

(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ताकारक

(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ताकारक

(ग) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ताकारक

(घ) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ताकारक

(ii) '**प्रकृति में चारों ओर <u>सुंदरता</u> बिखरी हुई है।' रेखांकित पद का पद-परिचय होगा-**

(क) भाववाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

(ग) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक

(घ) भाववाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक

(iii) '**बाग में <u>सुंदर</u> फूल खिले हैं।' रेखांकित पद का पद-परिचय होगा-**

(क) क्रियाविशेषण, 'खिले हैं' क्रिया की विशेषता बता रहा है।

(ख) गुणवाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, 'फूल' विशेष्य का विशेषण

(ग) गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, स्त्रीलिंग, 'फूल' विशेष्य का विशेषण

(घ) गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, 'फूल' विशेष्य का विशेषण

(iv) '**उसने दिन- रात परिश्रम किया <u>इसलिए</u> परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।' रेखांकित पद का पद-परिचय होगा-**

(क) समुच्चयबोधक अव्यय पद, दो शब्दों को जोड़ने का कार्य कर रहा है।

(ख) संबंधबोधक अव्यय पद, दो शब्दों को जोड़ने का कार्य कर रहा है।

(ग) समुच्चयबोधक अव्यय पद, दो वाक्यों को जोड़ने का कार्य कर रहा है।

(घ) संबंधबोधक अव्यय पद, दो वाक्यों को जोड़ने का कार्य कर रहा है।

(v) '**बालक <u>खेलता</u> है।' रेखांकित पद का पद परिचय होगा-**

(क) अकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, वर्तमानकाल

(ख) सकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, वर्तमानकाल

(ग) अकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, वर्तमानकाल

(घ) सकर्मक क्रिया, बहुवचन, स्त्रीलिंग, वर्तमानकाल

प्र 6. **निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर शब्दों में लिखिए-** (1×4=4)

(i) '**पाहुन ज्यों आए हो गाँव में शहर के।'**

**इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है-**

(क) मानवीकरण (ख) उत्प्रेक्षा (ग) श्लेष (घ) अतिशयोक्ति

(ii) '**सुनकर क्या तुम भला करोगे मेरी भोली आत्मकथा** ?

**अभी समय भी नहीं,** थकी **सोई है मेरी मौन व्यथा।' - इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है-**

(क) मानवीकरण (ख) अतिशयोक्ति (ग) श्लेष (घ) उत्प्रेक्षा

(iii) "**एक साथ रघु ने पैरों से चाँपा अविकल**

**पितृ-दत्त सिंहासन और सकल अरिमंडल।।" इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है-**

(क) श्लेष (ख) उत्प्रेक्षा (ग) मानवीकरण (घ) अतिशयोक्ति

(iv) "**जगी** वनस्पतियाँ **अलसाई**

**मुँह धोया शीतल जल से।" इस काव्य-पंक्ति में अलंकार है-**

(क) अतिशयोक्ति (ख) मानवीकरण (ग) श्लेष (घ) उत्प्रेक्षा

Contd…..6.

(v) "जो रहीम गति दीप की कुल कपूत गति होए
बारै उजियारो करें बढ़े अंधेरो होए।" इन काव्य पंक्तियों में अलंकार है-

(क) मानवीकरण (ख) श्लेष (ग) उत्प्रेक्षा (घ) अतिशयोक्ति

प्र 7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कर शब्दों में उत्तर लिखिए - (1×5=5)

अक्सर कहते हैं- "क्या करें मियाँ, ई काशी छोड़कर कहाँ जाएँ, गंगा मइया यहाँ, बाबा विश्वनाथ यहाँ, बालाजी का मंदिर यहाँ, यहाँ हमारे खानदान की कई पुश्तों ने शहनाई बजाई है, हमारे नाना तो वहीं बालाजी मंदिर में बड़े प्रतिष्ठित शहनाईवाज़ रह चुके हैं। अब हम क्या करें, मरते दम तक न यह शहनाई छूटेगी न काशी। जिस ज़मीन ने हमें तालीम दी, जहाँ से अदब पाई, वो कहाँ और मिलेगी? शहनाई और काशी से बढ़कर कोई जन्नत नहीं इस धरती पर हमारे लिए।" काशी संस्कृति की पाठशाला है। शास्त्रों में आनंदकानन के नाम से प्रतिष्ठित। काशी में कलाधर हनुमान व नृत्य-विश्वनाथ हैं। काशी में बिस्मिल्ला खाँ हैं। काशी में हज़ारों सालों का इतिहास है जिसमें पंडित कंठे महाराज हैं, विद्याधरी हैं, बड़े रामदास जी हैं, मौजुद्दीन खाँ हैं व इन रसिकों से उपकृत होने वाला अपार जन-समूह है। यह एक अलग काशी है जिसकी अलग तज़हीब है, अपनी बोली और अपने विशिष्ट लोग हैं। इनके अपने उत्सव हैं, अपना गम। अपना सेहरा-बन्ना और अपना नौहा। आप यहाँ संगीत को भक्ति से, भक्ति को किसी भी धर्म के कलाकार से, कजरी को चैती से, विश्वनाथ को विशालाक्षी से, बिस्मिल्ला खाँ को गंगाद्वार से अलग करके नहीं देख सकते।

(i) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ तथा लेखक का नाम चुनिए-
(क) नौबतखाने में इबादत, यतींद्र मिश्र । (ख) नेताजी का चश्मा, स्वयं प्रकाश ।
(ग) एक कहानी यह भी, मन्नू भंडारी । (घ) बाल गोबिन भगत, रामवृक्ष बेनीपुरी ।

(ii) काशी ने बिस्मिल्ला खाँ को क्या दिया?
(क) खेती करना, हल चलाना एवं पशुओं को चराना। (ख) ज्ञान, बदतमीज़ी, घृणा एवं लोगों की नफ़रत।
(ग) पूजा-पाठ करना एवं घाट में डुबकी लगाना।
(घ) शिक्षा, अदब, शहनाई वादन का अवसर, संस्कार तथा लोगों का प्यार ।

(iii) काशी से बिस्मिल्ला खाँ का पुश्तैनी संबंध हैं, क्योंकि-
(क) यहाँ उन्होंने रीड बनाना सीखा था। (ख) वे यहाँ अपने घर से रहने आए थे।
(ग) बालाजी मंदिर में इनकी कई पुश्तों ने शहनाई बजाई है। (घ) यहाँ उनका ननिहाल था।

(iv) काशी शास्त्रों में किस नाम से प्रसिद्ध है। -
(क) भाग्यनगर (ख) आनंदकानन (ग) बनारस (घ) कुशीनगर

(v) बिस्मिल्ला खाँ मरते दम तक क्या नहीं करना चाहते?
(क) वे शहनाई और काशी को नहीं छोड़ना चाहते। (ख) वे पढ़ाई और भोजन नहीं छोड़ना चाहते।
(ग) वे गीत गाना नहीं छोड़ सकते। (घ) वे मरते दम तक काशी में नहीं रहना चाहते हैं।

प्र 8. गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों को पढ़कर उत्तर के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कर, शब्दों में उत्तर लिखिए- (1×2=2)

(i) लेखिका मन्नू भंडारी के जीवन में शीला अग्रवाल की क्या देन रही?
(क) शीला अग्रवाल ने लेखिका को अहंकारी बना दिया।
(ख) शीला अग्रवाल ने लेखिका को अकर्मठ बना दिया ।
(ग) शीला जी के कारण लेखिका की सोच अंर्तमुखी हो गई।
(घ) साहित्य की दुनिया में प्रवेश करवाया तथा स्वाधीनता आंदोलन में भाग लेने के लिए भी सक्रिय किया।

(ii) संस्कृत व्यक्ति की पहचान क्या है?
(क) जिसे संस्कृत भाषा आती हो (ख) जो विद्वान हो
(ग) जो अपनी बुद्धि तथा विवेक के बल पर किसी नए तथ्य का दर्शन कराए। (घ) जो बुद्धिमान हो

Contd…..7.

प्र 9. निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कर, शब्दों में उत्तर लिखिए- (1×5=5)

वह अपनी गूँज मिलाता आया है प्राचीन काल से
गायक जब अंतरे की जटिल तानों के जंगल में
खो चुका होता है
या अपने ही सरगम को लाँधकर
चला जाता है भटकता हुआ एक अनहद में
तब संगतकार ही स्थायी को सँभाले रहता है
जैसे समेटता हो मुख्य गायक का पीछे छूटा हुआ सामान।
जैसे उसे याद दिलाता हो उसका बचपन
जब वह नौसिखिया था।

(i) 'सरगम को लाँघ कर' से कवि का तात्पर्य है-
(क) अंतरे की जटिल तानों में उलझ जाना (ख) गायक का रास्ते में गुम हो जाना
(ग) गायक द्वारा भद्दा गीत गाना (घ) मुख्य गायक का सो जाना

(ii) कवि ने मुख्य गायक के कैसे बचपन की बात कही है?
(क) जब मुख्य गायक छोटा था और रोता था।
(ख) जब मुख्य गायक ने संगीत में पदार्पण किया था और नौसिखिए रूप में उससे गलतियाँ हुआ करती थीं।
(ग) जब मुख्य गायक बालक था और बोल नहीं पाता था।
(घ) जब मुख्य गायक को चलना नहीं आता था।

(iii) कवि के अनुसार संगतकार का बहुत महत्व होता है, क्योंकि-
(क) वह गीत की स्थायी पंक्ति को सँभालकर गीत का स्वरूप बिगड़ने से बचाता है।
(ख) वह गीत का स्वरूप बिगाड़ता है। (ग) वह गीत को गाता है।
(घ) वह लोगों को भटकाता है।

(iv) 'अनहद' का अर्थ है-
(क) हद में रहना। (ख) ध्यानमग्न हो जाना।
(ग) मार्ग से भटकना । (घ) रास्ते से हट जाना।

(v) इस काव्यांश का मुख्य भाव क्या है?
(क) गायन कला में मुख्य गायक को सफलता उसके सहयोगी कलाकारों के सहयोग से प्राप्त होती है।
(ख) गायक अपने गायन के माध्यम से सफल होता है। (ग) मुख्य गायक कभी नहीं भटकता।
(घ) मुख्य गायक गीत के चरणों में कभी नहीं उलझता।

प्र 10. पद्य–पाठों पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों को पढ़कर उत्तर के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कर, शब्दों में उत्तर लिखिए- (1×2=2)

(i) बच्चे की मनोहारी मुसकान कैसी होती है?
(क) शिष्टाचार वाली (ख) दिखावटीपन वाली
(ग) कठोर एवं छली (घ) भोली, सरल व निश्छल

(ii) 'फसल' कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते हैं?
(क) किसान दिन-रात मेहनत करता है। (ख) खेतों में लहलहाती फसल अच्छी लगती है।
(ग) सृजन मानव और प्रकृति के आपसी सहयोग से होता है। (घ) श्रमिक वर्ग का बहुत महत्व है।

**Contd…..8**

**खंड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)**

**प्र** 11. **गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग** 25-30 **शब्दों में लिखिए-** (2×3=6)

(1) **"लखनवी अंदाज़" व्यंग्य कहानी में नवाब साहब की खीरा खाने की नवाबी सनक का वर्णन किया गया है। क्या सनक का कोई सकारात्मक रूप भी हो सकता है ? यदि हाँ, तो किसी एक सनक को उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।**

(2) **"बाल गोबिन भगत" रेखाचित्र में भगत ने समाज में प्रचलित किन-किन सामाजिक रूढ़ियों का किस प्रकार विरोध किया? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।**

3) **"हालदार साहब ने कुछ ऐसा देखा कि चीखे - "रोको! " जीप स्पीड में थी, ड्राइवर ने ज़ोर से ब्रेक मारे।" - हालदार साहब ने क्या देखा? उनकी आँखें नम क्यों हो गईं?**

4) **"मानव संस्कृति' एक अविभाज्य वस्तु है।"- कोई एक उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए कि जब मानव संस्कृति ने अपने एक होने का प्रमाण दिया?**

**प्र** 12. **पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग** 25-30 **शब्दों में लिखिए-** (2×3=6)

(1) **"लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषताएँ बताई हैं।" - दोहे के आधार पर स्पष्ट कीजिए।**

(2) **गोपियों ने उद्धव को "बड़भागी" क्यों" कहा?**

(3) **कवि जयशंकर प्रसाद ने "आत्मकथ्य" कविता में अपनी आत्मकथा न लिखने के लिए क्या - क्या तर्क दिए? (कोई** चार तर्क लिखिए**)**

(4) **कविता "उत्साह" में, कवि ने बादलों की गर्जना के माध्यम से किन-किन परिवर्तनों का संकेत दिया है? कोई दो** परिवर्तनों **का वर्णन कीजिए।**

**प्र** 13. **पूरक** पाठ्यपुस्तक 'कृतिका' के पाठों पर आधारित **निम्नलिखित** तीन **प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग** 50-60 **शब्दों में लिखिए-** (2×4=8)

(1) **प्रकृति ने जल संचय की व्यवस्था किस प्रकार की है? आज मानव जल को प्रदूषित एवं विनष्ट करने में लगा है। कैसे? आप प्रकृति के सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्व 'जल' संरक्षण के लिए क्या - क्या प्रयास कर सकते हैं ? (कोई चार उपाय लिखिए।)**

(2) **'हिरोशिमा' की घटना विज्ञान का भयानकतम दुरुपयोग है" लेखक को यह अनुभव कब और कैसे हुआ? - आज भी मानव वैज्ञानिक उपकरणों द्वारा मानवता का विनाश करने में लगा है। कोई एक उदाहरण देकर स्पष्ट करें। एक संवेदनशील युवा नागरिक होने के नाते आप विज्ञान के दुरुपयोग को रोकने में क्या कर सकते हैं ? कोई दो उपाय लिखिए।**

(3) **"माता का अंचल" कहानी में भोलानाथ और उसके माता - पिता का प्रेम और वात्सल्य अभिव्यक्त हुआ है । कोई दो प्रसंगों का उल्लेख कीजिए। आप कैसे अपने कार्यों द्वारा अपने माता-पिता के प्रति अपने प्रेम को अभिव्यक्त करेंगे ? (कोई दो कार्य लिखिए)**

**प्र** 14. **निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर** 120 **शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-** (6×1=6)

**(क) संघर्ष ही जीवन है**

**संकेत- बिंदु**

**संघर्ष का महत्व, संघर्ष लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक संपूर्ण मंत्र, इतिहास से उदाहरण, संघर्ष के परिणाम**

**(ख) नई और पुरानी पीढ़ी की सोच में अंतर**

**संकेत-बिंदु- नई पीढ़ी एवं पुरानी पीढ़ी के जीवन मूल्यों में अंतर, दोनों पीढ़ियों के बीच वैचारिक लड़ाई, पीढ़ियों के अंतर के प्रभाव, दोनों पीढ़ियाँ एक-दूसरे की भावनाओं को समझें, आपके** विचार

**Contd…..9**

**(ग) मानवता सर्वश्रेष्ठ धर्म**

**संकेत- बिंदु- भौतिकतावादी युग, बढ़ता स्वार्थ, प्रकृति से सीख, देने से घटता नहीं बढ़ता है, दूसरों के लिए जीना ही मनुष्यता, जीवन की सार्थकता परोपकार में ही निहित,** आपके विचार

**प्र** 15. **किसी <u>एक</u> विषय पर लगभग** 100 **शब्दों में पत्र लिखिए-** (5×1=5)

**आप राघव/ राधिका हैं। आप दिल्ली महानगर के निवासी हैं और यहाँ दिन- प्रतिदिन प्रदूषण की समस्या बढ़ती जा रही है। इस विषय पर चिंता व्यक्त करते हुए दैनिक समाचार पत्र "जनसत्ता" के संपादक को पत्र लिखिए।**

**<u>अथवा</u>**

**बोर्ड परीक्षाओं के केवल दो महीने ही शेष बचे हैं, फिर भी आपका छोटा भाई पढ़ाई में ध्यान देने के बजाय मोबाइल पर बहुत अधिक समय बिता रहा है। परीक्षाओं के महत्व से अवगत करवाते हुए उसे पत्र लिखिए।**

**प्र** 16. **आप अमर/आराध्या गुप्ता हैं। आप बी.लिब. का कोर्स कर चुके हैं। सार्वजनिक पुस्तकालय में पुस्तकालय सहायक पद के लिए आवेदन करना है। इसके लिए आप अपना एक संक्षिप्त स्ववृत्त (बायोडाटा) तैयार कीजिए।** (5×1=5)

**<u>अथवा</u>**

**आपने एक सप्ताह पहले लोकप्रिय कंपनी का एयर प्यूरीफायर (हवा शुद्धिकरण यंत्र) खरीदा। वह ठीक ढंग से काम नहीं कर रहा है और आपकी परेशानियाँ बढ़ गई हैं। कंपनी के मैनेजर को उसे बदलने के लिए ई-मेल लिखिए।**

**प्र** 17. **आपने नगर में 'फ़िटनेस' जिम खोला है। उसके प्रचार-प्रसार के लिए लगभग** 40 **शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।** (4×1=4)

**<u>अथवा</u>**

अपने **छोटे भाई को अहंकार से दूर रहने तथा निरंतर कर्म करते रहने की सीख देते हुए** 40 **शब्दों में संदेश लिखिए।**

*****